Title: Need to take steps for release of residents of Barmer Parliamentary Constituency and Jaisalmer languishing in Pakistani jails-laid.

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के कई गरीब ग्रामीण 1986 से 2000 के बीच पाकिस्तान की सीमा में अज्ञातवश रास्ता भटक कर चले गये थे। उस वक्त भारत - पाकिस्तान सीमापर फेंसिंग नहीं थी। ये लोग आज तक पाकिस्तान की जेलों में बंद पड़े हैं। ये सब अत्यंत गरीब मुस्लिम एवं दलित परिवारों से हैं, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं। इसमें से कई लोग सजा पूरी होने के बाद भी जेलों में बंद हैं। इस संबंध में मैं स्वयं माननीय विदेश मंत्री जी से मिला और अनेक बार इस संबंध में पत्र व्यवहार किया गया परंतु अभी तक इन लोगों को रिहा नहीं करवाया जा सका है। विदेश मंत्री जी ने स्वयं माना है कि इन कैदियों में से कई लोगों की सजा पूरी हो गई है। उन्होंने कोई बड़ा अपराध नहीं किया है। इसमें से कई ऐसे कैदी हैं, जिनसे इनके रिश्तेदारों की एक साल से बातचीत भी नहीं हुई है और उनका अता पता नहीं है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पाकिस्तान में बंद मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर एवं जैसलमेर के लोगों को मानवता के आधार पर शीघ्र रिहा करवाया जाये।